तेलंगाना स्टेट फोरेस्ट एकेडेमी हैदराबाद के रेंजर प्रशिक्षणार्थियों का आफरी भ्रमण दिनांक 05/08/2015

तेलंगाना स्टेट फोरेस्ट एकेडेमी हैदराबाद के 70 रेंजर प्रशिक्षणार्थियों ने दिनांक 5/8/2015 को श्री वी. श्रीनिवास राव, डिप्टी डायरेक्टर के नेतृत्व में शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर का भ्रमण किया । शुष्क वन अनुसंधान संस्थान के निदेशक श्री एन. के. वासु, भा.व.से. ने भ्रमण दल का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में क्षेत्र की पारिस्थितिकी के बारे में बताया एवं वनों तथा जैव विविधता के संरक्षण के प्रयास करने पर बल दिया । श्री वासु ने वन सेवा में पूर्ण निष्ठा से कार्य करने का आहवान किया । संस्थान के जन संपर्क अधिकारी डॉ. एन.के. बोहरा ने संस्थान की शोध गतिविधियों एवं तकनीकों का विस्तृत ब्यौरा देते हुए प्रस्तुतीकरण दिया ।

इससे पूर्व भ्रमण के प्रारम्भ में दल ने संस्थान के विस्तार एवं निर्वचन केन्द्र और वहॉ स्थित फार्मर्स गेलेरी (Farmers Gallery) का अवलोकन कर वहॉ विभिन्न प्रकार के पोस्टरों इत्यादि के माध्यम से प्रदर्शित संस्थान की शोध संबंधित गतिविधियों, तकनीकों एवं संरचनाओं की जानकारी हासिल की । इस दौरान संस्थान के कृषि वानिकी एवं विस्तार प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष श्री उमाराम चौधरी, भा.व.से. ने दल के साथ रह कर भू एवं जल संरक्षण कार्यो द्वारा परिभ्रांषित पहाड़ियों का पुनर्वनीकरण (Rehabilitation of degraded hills through soil & moisture conservation), टिब्बा स्थिरीकरण (Sand dune stablilization), वृक्षारोपण द्वारा सेम प्रभावित भूमि का पुनर्वासन (Restoration of water logging areas) लवणीय भूमि में पौधारोपण, कृषि वानिकी कार्यो, अकाष्ठ वनोपज तथा राजस्थान की वृक्ष प्रजातियों इत्यादि की जानकारी दी तथा प्रशिणार्थियों की जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों के उत्तर के माध्यम से वानिकी विषयों पर चर्चा की । प्रषिक्षणार्थियों के दल ने आफरी

परिसर में स्थित विभिन्न वृक्ष प्रजातियों का अवलोकन करते हुए प्रयोगशाला गतिविधियों का भी अवलोकन किया ।

श्रीमती भावना शर्मा, वैज्ञानिक–डी ने कार्यक्रम का समन्वयन किया । भ्रमण के दौरान श्री रतनाराम लोहरा, अनुसंधान सहायक–प्रथम ने भी साथ रहकर सहयोग किया ।

समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार

तेलंगाना के वन अधिकारियों का आफरी भ्रमण

[illegible]